गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u> दिनांक : **20.01.2012**

बिलासपुर : गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर एवं भारतीय विश्वविद्यालय संघ, नई दिल्ली के तत्वावधान में दिनांक 20 जनवरी, 2012 को विश्वविद्यालय के क्रीड़ांगन में अखिल भारतीय अन्तर–विश्वविद्यालयीन नेटबॉल (महिला/पुरुष) स्पर्धा –2012 का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि बिलासपुर परिक्षेत्र के आईजी श्री जी.पी. सिंह ने देश के विभिन्न भागों से आयी महिला खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए कहा कि जीवन में आगे बढ़ें और उज्ज्वल भविष्य बनायें। उपलब्धि हासिल करने के लिए महत्वाकांक्षा एवं दृढ़निश्चय जरूरी है। खेल के प्रति लगाव रखें और कठिन परिश्रम एवं पैशन से लक्ष्य प्राप्त करें। आईजी ने सभी खिलाड़ियों के प्रति शुभकामना व्यक्त करते हुए कहा कि गुरु घासीदास विश्वविद्यालय ने महिला–पुरुष खिलाड़ियों के लिए नेटबॉल में अच्छा अवसर उपलब्ध कराया है। सच्चे खिलाड़ियों की खेल भावना के साथ खेल का आनन्द उठायें। इस खेल में अपनी प्रतिभा को निखारें, सर्वश्रेष्ठ खेल का प्रदर्शन करें और भविष्य में राष्ट्रीय टीम का हिस्सा बनकर पूरी दुनिया में देश का नाम रोशन करें।

इसी क्रम में आईजी ने नेट बाल स्पर्धा के उद्घाटन की औपचारिक घोषणा की तथा एसोसिएशन ऑफ इण्डियन यूनिवर्सिटी के फ्लैग का ध्वजारोहण व हर्षोल्लास के प्रतीक रंगीन गुब्बारों को उड़ाया। आरंभ में उद्घाटन समारोह में मौजूद 21 विश्वविद्यालयों की महिला नेट बाल टीमों ने सुमधुर गीत–संगीत की धुनों के बीच मार्च पास्ट किया। मार्च पास्ट का नेतृत्व विश्वविद्यालय का ध्वज लेकर डॉ. रतिन जोगी कर रहे थे। इन टीमों में वर्णानुक्रम में सबसे पहले अन्नामलाई यूनिवर्सिटी, बंग्लूर यूनिवर्सिटी, एच.ए.एन.जी. पाटन, कर्नाटक वीमेन यूनिवर्सिटी, केवी ढारवाल, कृष्णा यूनिवर्सिटी आन्ध्रप्रदेश, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी, एमडीयू रोहतक, एमजेपीआर बरेली, ओयू हैदराबाद, पं. रविशंकर यूनिवर्सिटी रायपुर, पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला, आरटीएम नागपुर, आसीयू बेलगवी, तुमकुर यूनिवर्सिटी कर्नाटक, दिल्ली विश्वविद्यालय, पुणे यूनिवर्सिटी, उत्कल यूनिवर्सिटी भुवनेश्वर, वीटीयू कर्नाटक एवं मेजबान गुरुघासीदास विश्वविद्यालय की टीमें विभिन्न आकर्षक परिधानों में मार्च पास्ट में शामिल रहीं। मेजबान टीम की खिलाड़ी सृष्टि ओरांव ने समारोह में मौजूद टीम के खिलाड़ियों को सच्ची खेल भावना, सत्यनिष्ठा एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ ही स्पर्धा के नियमों व विधियों का पालन करने की शपथ दिलायी।

अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के कार्यवाहक कुलपति प्रो. एस.पी. सिंह ने कहा कि हमारे जीवन में पढ़ाई के साथ खेल का भी अपना महत्व है। खेल से हमें आगे बढ़ने की

प्रेरणा मिलती है। खिलाड़ियों के प्रति अपनी शुभकामना व्यक्त करते हुए प्रो सिंह ने कहा कि खिलाड़ी खेल में हार–जीत को खेल भावना से लें।

आरम्भ में मुख्य अतिथि सहित मंचासीन अन्य विशिष्टजनों ने गुरु घासीदास के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का श्रीगणेश किया। छात्राओं ने मां शारदा की वन्दना व विश्वविद्यालय का कुलगीत प्रस्तुति कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। शारीरिक शिक्षण विभाग के संचालक एवं स्पर्धा आयोजन समिति के सचिव डॉ. मनीष श्रीवास्तव ने मुख्य अतिथि एवं अतिथियों सहित समस्त खिलाड़ियों, कोचेज व टीम मैनेजरों का स्वागत किया। उन्होंने कुलपति डॉ. लक्ष्मण चतुर्वेदी की खिलाड़ियों के प्रति शुभकामना एवं गुडलक संदेश से उनका उत्साहवर्धन किया। साथ ही मुख्य अतिथि आईजी को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर पूर्व उपकुलपति डॉ. पी.सी. उपाध्याय, कार्यपरिषद सदस्य श्री जावेद उस्मानी, प्रो. ए.एस. रणदिवे, प्रो. ए.के. सक्सेना, श्री एके सोनी, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एस.व्ही.एस. चौहान, चीफ प्राक्टर प्रो. प्रदीप शुक्ल, नेटबाल फेडरेशन ऑफ इंडिया के सुधीर वर्मा, कमलजीत कटियार साहब सहित सभी संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, शिक्षक एवं बड़ी संख्या में खिलाड़ी, कोच, मैनेजर एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे। उद्घाटन कार्यक्रम का बेहतरीन संचालन छत्तीसगढ़ स्पोर्ट्स के पूर्व अस्टिेण्ट डायरेक्टर डॉ लक्ष्मीकान्त पाण्डेय ने किया। धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव प्रो. एम.एस.के. खोखर ने किया।

मीडिया प्रभारी

प्रति, सम्पादक,

————————बिलासपुर (छ.ग.)